अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 20 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल-तृतीया
विक्रम संवत-2082

PAGE NO. 08, BOTTOM

प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित खिलाड़ियों को दी किट

किट प्राप्त करने वाले खिलाड़ी और आरएसओ चंचल मिश्रा। स्रोत : स्टेडियम

बरेली। खेल निदेशालय व उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ के समन्वय से 14 फरवरी से 20 फरवरी तक श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस) में प्रदेश की टेबल टेनिस टीम के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान बृहस्पतिवार को आरएसओ चंचल मिश्रा ने कैंप का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों में किट वितरित की।

शिविर में 26 बालकों/पुरुषों व 24 बालिकाओं/महिलाओं सहित कुल 50 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सात प्रशिक्षकों की टीम उनका मार्गदर्शन कर रही है। प्रशिक्षण का संचालन भारतीय टीम के कोच पराग अग्रवाल (लखनऊ) के निर्देशन में किया जा रहा है। उनके साथ सलोनी बंसल (एनआईएस), सत्यम मिश्रा (एनआईएस), सौरभ पोद्दार (पूर्व राज्य चैंपियन) व विक्रम सिंह खिलाड़ियों को तकनीक, फिटनेस, रणनीति और मैच परिस्थितियों की बारीकियों का अभ्यास करा रहे हैं।

आरएसओ के साथ एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, यूपीटीटीए के सचिव अरुण कुमार बनर्जी, डॉ. दीपेंद्र कमथान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। संवाद